दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 13 जून 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-251

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अब जेटली की जगह राज्यसभा में थावरचंद होंगे सदन के नेता

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत को मंगलवार को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछली सरकार में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली इस पद पर थे। फिलहाल जेटली बीमार चल रहे हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री गहलोत अनुभवी सांसद और भाजपा के वरिष्ठ दलित नेता हैं। राज्यसभा में सदन के नेता की नियुक्ति केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी करती है। मध्यप्रदेश से आने वाले गहलोत के पास चार दशक लंबा संसदीय अनुभव है। वह मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य के साथ-साथ लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य रहे हैं।

### सोपोर मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** बारामूला जिले के सोपोर में मंगलवार रात सुरक्षा बलों के मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना पर 22-राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने मंगलवार तड़के सोपोर के वदुरा पायीन में संयुक्त तलाश अभियान चलाया। बाहर निकलने के सभी रास्तों को बंद करने के बाद घर-घर तलाश अभियान चलाया गया। पूरे दिन तलाश अभियान के बाद आतंकवादियों के ठिकाने का पता लगा। आतंकवादियों की ओर से गोलियां चलाने पर सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि मंगलवार देर रात आतंकवादी मारा गया। भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद किए गए।

### कश्मीर में 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके

**श्रीनगर (आरएनएस)।** कश्मीर में बुधवार को मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसका केंद्र पाकिस्तान क्षेत्र में था। जम्मू एवं कश्मीर में मौसम विभाग के निदेशक सोनम लोटस ने कहा, आज सुबह 8.40 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.3 तीव्रता के भूकंप के हल्के झटके आए। उन्होंने कहा, भूकंप का केंद्र पाकिस्तान का क्षेत्र था। इसकी गहराई धरती की सतह से एक किलोमीटर अंदर थी। दक्षिण एशिया में कश्मीर सबसे अधिक भूकंप संभावित क्षेत्र में स्थित है।

### लापता एएन-32 विमान के मलबे का पता चला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** एयरफोर्स स्टेशन, जोरहाट, असम से 3 जून, 2019 को उड़ान भरने के बाद भारतीय वायु सेना का विमान एएन-32 लापता हो गया था। खोज अभियान में लगे भारतीय वायु सेना के एमआई-17 द्वारा लगभग 12000 फीट की ऊंचाई पर टाटो के उत्तर-पूर्व, लीपो के 16 किलोमीटर उत्तर में आज विमान के मलबे को देखा गया। अब विमान में सवार लोगों की स्थिति और बचे हुए लोगों के बारे में पता लगाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य में प्रगति के आधार पर अतिरिक्त जानकारी दी जाएगी।

### ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा देने पीएम मोदी से मिले पटनायक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और अपने राज्य को विशेष दर्जा देने की मांग की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक तस्वीर ट्वीट कर इस मुलाकात की जानकारी दी। पटनायक के लगातार पांचवीं बार ओडिशा की सत्ता बाद संभालने के बाद मोदी के साथ यह उनकी पहली मुलाकात थी। दोनो नेताओं की यह मुलाकात प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई। मुलाकात के बाद पटनायक ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री से उन्होंने राज्य को विशेष दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें चुनावों में जीत के लिए बधाई दी।

## उद्योगों में अधिकाधिक कार्य बल को समायोजित करने समर्थ होना चाहिए: निर्मला

### वित्तमंत्री ने लिया व्यापार समूहों के प्रतिनिधियों के साथ दूसरा बजट पूर्व परामर्श

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी आम बजट 2019-20 के संबंध में आज विभिन्न हितधारकों के साथ बजट पूर्व विचार-विमर्श की शुरुआत की। उनकी दूसरी बैठक उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र के हितधारकों के साथ आयोजित हुई।



अपने उद्घाटन संबोधन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 2014 से ही उद्योग से संबंधित अनेक पहलों की शुरुआत की है जिससे समग्र व्यापार माहौल में महत्वपूर्ण सुधार आया है। इसके परिणामस्वरूप भारत 190 देशों में अपनी स्थिति सुधार कर 77वें पायदान पर आ गया है। भारत विश्व बैंक व्यापार रिपोर्ट 2019 के अनुसार 2018 की व्यापार रिपोर्ट में 23वें पायदान पर है। वित्त मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि भारत के कुल कार्य बल का 24 प्रतिशत हिस्सा औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत है इसलिए जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ उठाने के लिए उद्योग को अधिक से अधिक कार्य बल को समायोजित करने में समर्थ होना चाहिए।

वित्त मंत्री के साथ इस बैठक में केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर, वित्त सचिव सुभाष सी गर्ग, व्यय सचिव गिरीश चन्द्र मुर्मू, राजस्व सचिव अजय नारायण पांडे, डीएफएस सचिव राजीव कुमार, डीआईपीएएम सचिव अतनू चक्रवर्ती, पर्यटन सचिव योगेन्द्र त्रिपाठी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव अमित खरे, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव रमेश अभिषेक, वाणिज्य विभाग में सचिव अनूप वधावन, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में सचिव प्रमोद चन्द्र मोदी, सीबीडीटी के अध्यक्ष पी के दास, सीबीआईसी के चेयरमैन डॉ. के वी सुब्रमनियन तथा सीईए और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने दृष्टिकोण से उद्योग सेवा और व्यापार क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने औद्योगिक क्षेत्र, भूमि सुधार, विशेष आर्थिक क्षेत्र, औद्योगिक नीति, अनुसंधान और विकास में निवेश, कर शासन के सरलीकरण, पर्यटन क्षेत्र की संभवानाओं को बढ़ाने, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), वस्तु और सेवा कर (जीएसटी), पूंजी लाभ कर, कॉरपोरेट कर एमएसएमई क्षेत्र, ई कॉमर्स, कौशल विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र, स्टार्टअप्स, मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र तथा खाद्य विनिर्माण उद्योग के बारे अनेक सुझाव प्रस्तुत किए।

## आगरा: कोर्ट परिसर में बार काउंसिल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में यूपी बार काउंसिल की अध्यक्ष दरवेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बुधवार को स्वागत समारोह में ही दिनदहाड़े अध्यक्ष को गोली मार दी गई। गोली मारने वाला आरोपी भी वकील ही है, जिसने खुद को भी गोली मार ली। आरोपी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की अध्यक्ष 38 वर्षीय दरवेश यादव को कोर्ट परिसर में ही गोली मारी गई। दरवेश दो दिनों पहले ही बार काउंसिल की अध्यक्ष चुनी गई थीं। उनके स्वागत समारोह के बाद दीवानी कचहरी में आरोपी ने गोली मार दी। आरोपी की पहचान मनीष शर्मा के तौर पर हुई है।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मनीष ने खुद को भी गोली मार ली। आरोपी पेशे से वकील है, जिसे अभी घायल अवस्था में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यह घटना थाना न्यू आगरा इलाके के न्यायालय परिसर की है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

आगरा के एडीजी अजय आनंद ने बताया कि आरोपी मनीष ने बार काउंसिल



अध्यक्ष दरवेश को तीन गोलियां मारी, जो कि उनके सिर और पेट में लगी। दरवेश यादव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद को भी सिर में गोली मार ली। आरोपी को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि 2004 में वकालत के पेशे में आईं दरवेश यादव आगरा में आरोपी वकील मनीष के साथ ही ऑफिस शेयर करती थीं। यही नहीं, बार काउंसिल चुनाव में भी मनीष ने दरवेश को पूरा सपॉर्ट देते हुए जी-जान से कैम्पेनिंग की थी।

## चार राज्यों के राज्यपालों ने शाह से की मुलाकात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजस्थान समेत चार राज्यों के राज्यपालों ने मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और अपने-अपने राज्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।



अधिकारियों ने यह जानकारी दी जिन राज्यपालों ने शाह से मुलाकात की उनमें राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह, गुजरात के राज्यपाल ओम प्रकाश कोहली, कर्नाटक के राज्यपाल वजुभाई वाला और उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य शामिल हैं। राज्यपालों ने अलग-अलग शाह से मुलाकात की और गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने इन बैठकों को नए गृह मंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट बताया।

बतौर गृह मंत्री, शाह ने एक जून को कार्यभार संभाला था। अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री ने राज्यपालों के साथ उनके राज्यों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

## पाकिस्तान से नहीं अब ओमान और ईरान के रास्ते बिश्केक जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक दौरे के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से होकर नहीं गुजरेगा। केंद्र सरकार ने इसकी जगह ओमान, ईरान और मध्य एशियाई देशों का हवाई क्षेत्र चुना है। सरकार ने यह फैसला तब लिया है जब पाकिस्तान ने पीएम मोदी के विमान को अपने हवाई क्षेत्र में घुसने की इजाजत दे दी थी। बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान के पीएम इमरान खान ने पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर बातचीत के जरिए मसले सुलझाने की अपील की थी, लेकिन भारत ने दो-टूक शब्दों में अपने रुख को दोहराते हुए कहा है कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं हो सकती। ऐसे में पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से पीएम मोदी के विमान को न उड़ाने का भारत का फैसला एक संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए किर्गिस्तान के बिश्केक जाने वाले हैं। उनकी यह यात्रा 13-14 जून को होने वाली है। केंद्र के इस फैसले पर विदेश मंत्रालय ने कहा, बिश्केक जाने वाले



वीवीआईपी एयरक्राफ्ट के लिए भारत सरकार ने दो विकल्पों पर विचार किया था। अब फैसला लिया गया है कि वीवीआईपी एयरक्राफ्ट ओमान, ईरान और मध्य एशियाई देशों के रास्ते बिश्केक जाएगा।

दरअसल, भारत ने पाकिस्तान से पीएम के विमान को अपने एयरस्पेस से उड़ने देने का अनुरोध किया था जिसे पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया था। पाकिस्तान ने इससे पहले तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बिश्केक यात्रा के लिए भी उनके विमान को अपने हवाई क्षेत्र से गुजरने की इजाजत दी थी।

उल्लेखनीय है कि बालाकोट स्थित आतंकी शिविरों पर भारतीय वायु सेना द्वारा किए गए हवाई हमले के बाद से पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे। इसने हालांकि मार्च-अप्रैल में दो हवाई क्षेत्र खोले थे और शेष 9 हवाई क्षेत्र अभी भी बंद हैं जिसपर 14 जून को फैसला लिया जाएगा।

## चक्रवाती तूफान वायु से निपटने शाह ने की तैयारियों की समीक्षा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चक्रवात 'वायु' से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए आज एक उच्चस्तरीय बैठक में संबंधित राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों/एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा की।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि चक्रवात वायु के 13 जून 2019 की सुबह 110-120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पोरबंदर और महुवा के बीच वेरावल और दीव क्षेत्र के आसपास गुजरात तट पहुँचने की उम्मीद है। इससे गुजरात के तटीय जिलों में भारी वर्षा और एक से डेढ़ मीटर ऊंचा ज्वार-भाटा आने की संभावना है। इससे कच्छ, द्वारका, पोरबंदर, जूनागढ़, दीव, गिर सोमनाथ, अमरेली और भावनगर जिले के निचले तटीय क्षेत्रों में बाढ़ की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग 9 अप्रैल से सभी संबंधित राज्यों को नियमित बुलेटिन जारी कर रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वरिष्ठ अधिकारियों को लोगों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालना और बिजली, दूरसंचार, स्वास्थ्य, पेयजल आदि आवश्यक सेवाओं के रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपात स्थिति से निपटने के लिये 24 घंटे नियंत्रण कक्ष के कार्य करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में केंद्रीय गृह सचिव राजीव गौबा, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ एम राजीवन सहित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कैबिनेट सचिव पी के सिन्हा ने राज्य और केंद्रीय एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा के लिए बाद में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक भी बुलाई है। इस बैठक में गुजरात के मुख्य सचिव और दीव प्रशासक के सलाहकार भी शामिल होंगे।

गृह मंत्रालय, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रो और संबंधित केंद्रीय एजेंसियों के साथ निरंतर संपर्क में है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने नावों, पेड़ काटने वालों, दूरसंचार उपकरणों आदि से सुसज्जित 26 दलों को तैनात कर दिया है तथा गुजरात सरकार के अनुरोध पर 10 और दलों को तैयार किया है।

भारतीय तटरक्षक बल, नौसेना, थल सेना और वायु सेना की इकाइयों को भी तैयार रहने को कहा गया है। विमान एवं हेलीकॉप्टर हवाई निगरानी कर रहे हैं।

## राजधानी में 5 लाख नकली नोट जब्त

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके से मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से 5 लाख मूल्य के नकली भारतीय मुद्रा के नोट (एफआईसीएन) बरामद किए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।



आरोपी की पहचान बिहार के रहने वाले 32 वर्षीय संतोष कुमार सिंह के रूप में हुई है। कुमार अंतर्राष्ट्रीय नकली भारतीय मुद्रा नोट रैकेट का एक प्रमुख सदस्य है। विशेष सेल के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने कहा कि पुछताछ में उसने खुलासा किया कि मुद्रा बांग्लादेश के रास्ते पश्चिम बंगला में आई थी, जहां से इसे फिर बिहार और राष्ट्रीय राजधानी में लाया गया। जब्त नकली नोट दो हजार के मूल्यवर्ग में हैं।

## सीबीआरएन आपात स्थिति के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट कांडला, गुजरात में एक प्राथमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत को हुई है। कार्यक्रम का उद्देश्य सीबीआरएन आपात स्थितियों के संदर्भ में पोर्ट आपात प्रबंधकर्ताओं (एसईएच)में जागरूकता बढ़ाना और उनकी तैयारियों को बेहतर बनाना है।

श्रृंखला का यह चौथा कार्यक्रम है। पूरे देश के बंदरगाहों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो एसईएच को आपात स्थितियों से निपटने में सक्षम बनाएंगे। इसी वर्ष तीन एसईएच टीमों को मंगलौर, कोच्चि और नवी मुंबई में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। पोर्ट पर बड़ी मात्रा में रासायनिक, पेट्रो रसायन और अन्य सीबीआरएन तत्वों के आगमन, भंडारण तथा परिवहन के कारण सीबीआरएन (रसायनिक, जैविक, रेडियाधर्मी और नाभिकीय) संकट का खतरा बना रहता है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को इंडियन पोर्ट एसोसिएशन (आईपीए), नाभिकीय औषधि एवं सम्बद्ध विज्ञान संस्थान (आईएनएमएएस) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। एसईएच की क्षमता वृद्धि से पोर्ट पर सीबीआरएन सुरक्षा की स्थिति बेहतर होगी। इस कार्यक्रम में व्याख्यान और व्यावहारिक प्रशिक्षण शमिल हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदिग्ध पदार्थ को ढूंढने और इसे निष्क्रिय करने के कार्य को लाइव प्रदर्शित किया जा रहा है।

## 'निशंक' ने केंद्रीय विद्यालय संगठन समेत तीन शिक्षा संस्थान के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की

### » सभी संस्थानो में रिक्त पदों को शीघ्र भरने के दिये निर्देश

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति,सीबीएसई एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। केंद्रीय मंत्री ने स्वीकृत हो चुके नए केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों के भवनों के पूर्ण संचालन की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को इन विद्यालयों के जल्द से जल्द संचालन का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पंहुचाई जा सके। केंद्रीय मंत्री ने पिसा-2019 में मंत्रालय की प्रतिभागिता की तैयारियों का भी जायजा लिया।

मंत्री जी ने सीबीएसई में खाली पड़े पदों पर चिंता जाहिर की एवं अधिकारियों को रिक्त पदों को जल्द से जल्द युद्धस्तर पर भरने का निर्देश दिया। साथ ही केंद्रीय विद्यालयों एवं नवोदय विद्यालयों में भी खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरने का निर्देश दिया। मंत्री जी ने जोर देकर कहा कि खाली पड़े पदों की वजह से नई पीढ़ी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।



मंत्री जी ने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की महत्ता पर बल देते हुए सीबीएसई से सम्बद्ध विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया।

केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति एवं सीबीएसई के अधिकारियों के साथ आगामी योग दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की।

केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के बेसिक लिटरेसी प्रोग्राम की समीक्षा की।